19U304S (Pages: 2) Name: ………………………..

Reg. No………………………

THIRD SEMESTER B.A./B.Sc./B.S.W. DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2020

(CUCBCSS-UG)

CC15U HN3 A09 - LITERATURE IN HINDI

(Hindi - Common Course)

(2015 Admission - Supplementary)

Time: Three Hours Maximum: 80 Marks

I. 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है।

(क)कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए।

1. 'मुझे कदम कदम पर' कविता का रचनाकार कौन हैं ?
   (सर्वेश्वरदयाल सक्सेना, मुक्तिबोध, चंद्रकांत देवताले)
2. सुमित्रानंद पंत की किस रचना को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला ?
   (युगांत, ग्राम्या, चिदंबरा)
3. कबीरदास के गुरु कौन थे ?
   (वल्लभाचार्य, रामानंद, गुरु नानक)
4. 'वह चीनी भाई' गध्य की किस विधा की रचना है ?
   (रेखाचित्र, संस्मरण, कहानी)
5. 'कफ़न' कहानी का रचनाकार कौन है ?
   (हरिशंकर परसाई, प्रेमचंद, यशपाल)

(ख)उचित शब्दों से खाली जगहों को भरिए

6. सूरदास की कीर्ति का आधार स्तंभ ------------ है ।
7. 'गुण्ड़ा समय' कविता ------------ से लिखी हुई कविता है ।
8. निराला का पूरा नाम ------------ है ।
9. 'विज्ञापन युग' का रचनाकार ------------ है ।
10. 'वापसी' कहानी का मुख्य पात्र ------------ है ।

(10 x 1 = 10 Marks)

II. किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दो तीन वाक्यों में लिखिए ।

11. सद्गुरु के संबंध में कबीरदास का विचार क्या है ?
12. चीनी भाई के जीवन की दो इच्छाएँ क्या-क्या थीं ?
13. मासिक वेतन और ऊपरी आय के संबन्ध में वंशीधर के पिता की राय क्या है ?
14. अजन्ता के चित्र और एल्लोरा की मूर्तियों को देखने पर लेखक के मन में कौन-सा विचार आता है ?
15. भगवान भगत को क्यों हत्यारा मानते हैं ?
16. माँ की समझाइश के बाद कवि के जीवन में क्या फायदा हुआ ?

17. 'धूल की तरह सच ' कविता में सच हमारे ऊपर किस तरह पड़ा है ?
18. 'मुझे कदम कदम पर' कविता में कवि की राय में आज के लेखक की कठ़िनाई क्या है ?
19. "कि मैं धार्मिक नहीं एक मार्मिक संबन्ध हूँ- "----- कवि क्यों ऐसे कहते हैं ?
20. संध्यासुन्दरी के अधरों की विशेषता क्या है ?
21. कलकत्ता में आज भी धरती पर पैर नहीं पड़ते, कलकत्ता में आज भी आकाश नहीं दिखाई देता। क्यों?
22. चीनी भाई गिरहकटों के कब्जे से कौसे बच गया ?

(10 x 2 = 20 Marks)

III. किन्हीं चार अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

23. चरन-कमल बन्दौ हरि-राइ
    जाकि कृपा पंगु गिरि लंघै, अन्धे को सब कछु दरसाई
    बहिरौ सुनै, गूँग, पुनि बौले , रंक चलै सिर छत्र धराई ।
    सूरदास स्वामी करुणामय , बार-बार बन्दौ तिहि पाई ।।
24. अर्ध्दरात्री की निश्चलता में हो जाती वह लीन,
    कवि का बढ़ जाता अनुराग,
    विरहाकुल कमनीय कण्ठ से
    आप निकल पड़ता तब एक विहाग ।
25. ओछी नहीं है दुनिया :
    मैं फिर कहता हूँ
    महज़ उसका
    सौन्दर्य-बोध बढ़ गया है ।
26. "न्याय और विव्दता, लम्बी-चौड़ी उपाधियाँ, बड़ी-बड़ी दाढ़ियाँ और ढीले चोंगे एक भी सच्चे आदर के पात्र नहीं है ।"
27. "लगता है ऐसा युग आनेवाला है जब शिक्षा, विज्ञान, संस्कृति और साहित्य, इनका केवल विज्ञापन-कला के लिए ही उपयोग रह जाएगा ।"
28. "जैसे अब तक जहन्नुम में था, अब जन्नत में आ गया हूँ । सब कुछ राजसी, ऐश्वर्य और विलासिता का प्रतीक ।"

(4 x 5 = 20 Marks)

IV. किन्हीं दो प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए

29. 'औरतें ' कविता में अभिव्यक्त नारी जीवन की विसंगतियों पर प्रकाश डालिए ।
30. 'भगत की गत ' कहानी का सारांश लिखकर उसमें अभिव्यक्त व्यंग्य समझाइए ।
31. 'ए.बी.सी.डी ' में दो भिन्न संस्कृतियों या जीवन मूल्यों के बीच के संघर्ष का चित्रण हुआ है| स्पष्ट कीजिए ।

(2 x 15 = 30 Marks)

****